गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत एक–दिवसीय प्रशिक्षण

पंतनगर। 4 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत सूर्यजाला गांव ब्लॉक भीमताल में 'कृषि विपणन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग' विषय पर एक–दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह परियोजना डा. एम.ए. अंसारी के नेतृत्व में चल रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव की महिलाओं को सह परियोजना अधिकारी डा. किरण राना एवं डा. अनिल कुमार द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में गांव की ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन सूर्या सहित गांव की महिलाएं शामिल थीं। इस कार्यक्रम में 'कृषि विपणन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग' के बारे में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सअप, इंस्टाग्राम आदि में एकाउंट बनाना एवं अपने उत्पाद का कैटलॉक बनाकर उत्पाद को सोशल मीडिया में कैसे प्रमोट किया जाता है के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों के पांच–पांच के ग्रुप में बिजनेस एकाउंट खुलवाये गये एवं पेमेंट के लेन–देन के बारे में सीखाया गया। प्रशिक्षण में लगभग 50 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में परियोजना में कार्यरत एस.आर.एफ., डा. नेहा आर्या एवं प्रक्षेत्र सहायक, श्वेता सिंह भी उपस्थित थी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषक महिलाओं को जानकारी प्रदान करते अधिकारी।

निदेशक संचार